तेजयुग न्यूज़ हरियाणा

www.tejyug.com
epaper.tejyug.com

# छठा श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव नई अनाजमंडी में दो मार्च को

**करनाल** (तेजयुग न्यूज) । श्री श्याम बाबा सेवक मंडल करनाल की ओर से छठा श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव का आयोजन नई अनाजमंडी में दो मार्च को किया जाएगा। श्याम सेवक दिन-रात तैयारियों में जुटे हैं। श्याम बाबा के शृंगार के लिए विशेष फूल मंगवाए गए हैं। भव्य और विशाल पांडाल सजाया जा रहा है। कीर्तन स्थल के आसपास प्रवेश स्थलों पर भव्य द्वार लगाए जाएंगे। सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था रखी गई है। श्याम बाबा को 56 भोग लगाए जाएंगे। श्याम प्रेमी अपने घरों से भी श्याम बाबा के लिए प्रसाद बनाकर ला सकते हैं। श्री श्याम बाबा सेवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले जी के आशीर्वाद से यह विशाल आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में माता बालासुंदरी मंदिर के निज पुजारी आशु भगत विशेष तौर पर शिरकत करेंगे। नई दिल्ली से शीतल पाण्डेय और झारखंड से श्वेता अग्रवाल को भजन गायकों के रूप में आमंत्रित किया गया है। मंच का संचालन भगवान दीक्षित करेंगे।

# इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 3 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारत में सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए कार्यक्रम 2.2.2022 को रुपये 76,000 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अधिसूचित किया गया था। जून, 2023 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए माइक्रोन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस यूनिट का निर्माण तेजी से चल रहा है। और, इकाई के पास एक मजबूत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम उभर रहा है।

कैबिनेट के फैसले : भारत में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने के तीन और प्रस्तावों को आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी। 50,000 वेफर स्टार्ट प्रति माह (डब्ल्यूएसपीएम) क्षमता वाला सेमीकंडक्टर फैब : टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (टीईपीएल), ताइवान के पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस फैब का निर्माण गुजरात के धोलेरा में किया जाएगा। इस फैब में 9 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा । प्रौद्योगिकी भागीदार- पीएसएमसी लॉजिक और मेमोरी फाउंड्री सेगमेंट में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है। पीएसएमसी की ताइवान में 6 सेमीकंडक्टर फाउंड्री हैं। 50,000 वेफर स्टार्ट प्रति माह (डब्ल्यूएसपीएम) क्षमता : 5 मित्रियन प्रति दिन

इन इकाइयों का सामरिक महत्व : बहुत ही कम समय में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन ने चार बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। इन इकाइयों से भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम स्थापित हो जायेगा। चिप डिजाइन में भारत के पास पहले से ही गहरी क्षमताएं हैं। इन इकाइयों के साथ, हमारा देश चिप निर्माण में क्षमता विकसित करेगा। आज की घोषणा के साथ उन्नत पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों को भारत में स्वदेशी रूप से विकसित किया जाएगा।

रोजगार की संभावना : ये इकाइयां 20 हजार उन्नत प्रौद्योगिकी नौकरियों का प्रत्यक्ष रोजगार और त्रगभग 60 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेंगी। ये इकाइयां डाउनस्ट्रीम ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, दूरसंचार विनिर्माण, औद्योगिक विनिर्माण और अन्य सेमीकंडक्टर उपभोक्ता उद्योगों में रोजगार सृजन में तेजी लाएंगी। निर्माण : तीनों इकाइयों का निर्माण अगले 00 दिनों के भीतर शुरू हो जाएगा।

# नक्षत्र स्पेशल स्कूल के मूक बधिर दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का किया भ्रमण



तेजयुग न्यूज

**बहादुरगढ़।** नक्षत्र स्पेशल स्कूल के मूक बधिर दिव्यांग बच्चो को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली के अमृत उद्यान भ्रमण के लिए ले जाया गया। वहाँ बच्चों ने पर्पल फेस्ट दिल्ली 2024 कार्यक्रम के उपलक्ष्य में मूक- बधिर दिव्यांग बच्चो ने डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सभी दिव्यांग बच्चों ने पर्पल फेस्ट कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा किया गया और दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रपति भवन संग्रहालय में भ्रमण किया।

# भाजपा ने हरियाणा व केंद्र में दिया भ्रष्टाचार मुक्त व परिवारवाद मुक्त सुशासनः डॉ पंकज जैन



तेजयुग न्यूज

**बहादुरगढ़।** आगामी हरियाणा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर आज हरियाणा ही नहीं देश की जनता विश्वास व्यक्त कर रही है और यही कारण है कि जनता रोहतक लोकसभा सहित सभी 10 लोकसभा सीटों पर जनता भाजपा के पक्ष में मतदान करते हुए कमल खिलाने का काम करेगी। यह बात भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने सेक्टर 6 स्थित कार्यालय पर सरकार की कल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए कही। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबके विश्वास के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। डॉ पंकज जैन ने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन ही नहीं दिशाहीन भी है। 10 वर्ष के करीब का कार्यकाल सत्तारूढ होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश व हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त व परिवारवाद से मुक्त सुशासन प्रदान किया है। डॉ पंकज जैन ने कहा कि तीसरी बार देश में मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए 400 से ज्यादा सीटें जीतकर भारत को तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने व विकसित भारत की जो मोदी जी ने जो गारंटी दी है उस लक्ष्य को भारत अवश्य हासिल करेगा। डॉ पंकज जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 10 साल के सुशासन में देश का विकास करने के साथ-साथ भारत को विश्व पटल पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का काम कर देशवासियों को गौरवान्वित करने का सेवा कार्य किया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ पंकज जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे परिवार तक पहुंच रहा है जिसके चलते जनता को भाजपा सरकार में अपनी हिस्सेदारी महसूस हो रही है और यही कारण है कि देश व हरियाणा प्रदेश की जनता ने संकल्प ले लिया है कि देश व हरियाणा प्रदेश का विकास इसी प्रकार निरंतर जारी रखने के लिए तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को जनादेश देना है।

# हरियाणा राज्य सरकार द्वारा पेश हरियाणा ट्रैवल एजेंसियां का पंजीकरण और विनियमन अधिनियम एक ऐतिहासिक कदम-डॉ. अरविंद कादियान

## प्रदेश सरकार का कदम सराहनीय लेकिन कारगर नहीं - पंजाब सरकार ने भी बनाया था इसी तरह का कानून लेकिन नहीं थमे अपराध - ट्रैवल एजेंट और इमीग्रेशन सेवाओं के लिए एजेंट दोनों अलग-अलग क्षेत्र हैं - सरकार को वीजा और पीआर के लिए संबंधित देश की सरकार द्वारा जारी लाइसेंस अनिवार्य करना चाहिए - ट्रैवल एजेंट का काम टिकट बुकिंग के साथ लॉजिंग-बोर्डिंग तक सीमित

**चण्डीगढ़।** समाजसेवी तथा शिक्षाविद डॉ. अरविंद कादियान ने हरियाणा राज्य सरकार द्वारा पेश हरियाणा ट्रैवेल एजेंसियां का पंजीकरण और विनिमय अधिनियम को एक ऐतिहासिक कदम बताया है। डॉ. अरविंद कादियान, जोकि कनाडा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इमीग्रेशन कंसलटेंट हैं, ने साथ ही कहा कि लेकिन इस अधिनियम में इमीग्रेशन एजेंसी का इमीग्रेशन से संबंधित कोई बात नहीं की गई है। उनके मुताबिक पिछले दिनों भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया था कि वीजा जैसी इमीग्रेशन सेवा के लिए लाइसेंस संबंधित देशों की सरकार कंसल्टेंट के तौर पर देती हैं। इसके लिए सम्बंधित देश की इमीग्रेशन एजेंसी द्वारा तय किया गया कोर्स करना पड़ता हैं। इसको पूरा करने के बाद इमीग्रेशन कंसल्टेंसी का लाइसेंस दिया जाता है, जो उस देश के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर भी लाइसेंस धारी का नाम दर्ज होता हैं। उस कन्सल्टैंट व उसके द्वारा अधिकृत एजेंट को विश्व के किसी भी देश में उस देश की इमीग्रेशन से संबंधित काम करने के साथ सेवा देने का अधिकार होता है। प्रदेश सरकार ने जो अधिनियम बनाया, उसमें इमीग्रेशन कंसल्टेंसी की अर्हता का उल्लेख नहीं है। इसमें केवल ट्रैवल एजेंट और कामगारों को विदेश भेजने वाली एजेंसी की बात की गई हैं। जबकि इमीग्रेशन सेवाओं का इससे कोई लेना देना नहीं हैं। पंजाब - हरियाणा हाई कोर्ट में कबूतरबाजी तथा इमीग्रेशन से संबंधित धोखाधड़ी जैसे अपराधों को रोकने के लिए याचिका शिक्षाविद डॉ. अरविंद कुमार कादियान ने दायर की थी। इस पर हरियाणा और पंजाब सरकार के साथ केंद्र सरकार को नोटिस देकर जवाब तलब किया था।

**पंजीयन के समय संबंधित देश की सरकार द्वारा तय इमीग्रेशन कंसल्टेंसी के लाइसेंस की अनिवार्यता**

डा. कादियान ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले आरटीआई के माध्यम से विदेश मंत्रालय से इमीग्रेशन से संबंधित



सेवाओं के लिए लाइसेंस देने वाले से संबंधित जानकारी मांगी थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इमीग्रेशन सेवाओं के लिए लाइसेंस देना उनके या राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में नहीं हैं। यह काम तो संबंधित देशों की सरकारों का हैं। वही इस काम को कर सकती हैं। राज्य सरकार पंजीयन करते समय तो यह सुनिश्चित कर सकती हैं कि पंजीयन करवाने वाले के पास संबंधित देश का इमीग्रेशन कंसल्टेंसी का या फिर उसके प्रतिनिधि का लाइसेंस हैं या नहीं। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि बिना संबंधित देश की सरकार द्वारा जारी लाइसेंस के बिना कोई भी कंसल्टेंट के रूप में काम नहीं कर सकता हैं। इमीग्रेशन सेवाओं में स्टडी वीजा, टूरिस्ट वीजा, वर्क वीजा, विजिटर वीजा, पीआर सहित सेवाओं के लिए उस देश का लाइसेंस होना जरूरी हैं।

**ट्रैवल एजेंट का काम केवल टिकट बुक करवाना, वीजा दिलवाना नहीं**

ट्रैवेल एजेंट का काम तो केवल टिकट बुक करने से संबंधित काम हैं। आरटीआई के जवाब में भारतीय विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया कि भारत सरकार इमीग्रेशन सेवाओं वर्क वीजा, स्टडी वीजा जैसी सेवाओं के लिए लाइसेंस नहीं देती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इमीग्रेशन सेवाओं से संबंधित धोखाधड़ी को रोकना चाहती है कि पंजीयन करते समय इमीग्रेशन सेवाओं के लिए संबंधित सरकार द्वारा जारी लाइसेंस को अनिवार्य कर दे। वहीं पर सरकार यह सुनिश्चित कर दे कि किसी भी सेवाओं वीजा या पीआर की फाइल लगाते समय कंसल्टेंट का रिप्रजेंटेशन पत्र अनिवार्य कर दे जिससे गलत काम करने वालों को पकड़ा जा सके। इससे कबूतर बाजी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। इससे पहले पंजाब सरकार ने भी इस तरह का कानून बनाया लेकिन यह कानून अपराध रोकने में कारगर साबित नहीं हुआ। सरकार को इसमें और अधिक प्रावधान जोड़ कर इसे प्रभावी बनाया जा सकता है।

# बेरोजगार युवाओं एवं प्रदेश समस्याओं पर शैलजा से कुलदीप गुर्जर ने की आत्मीय मुलाकात

तेजयुग न्यूज

**गुड़गांव।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा से मिलकर कांग्रेस युवा प्रदेश सचिव कुलदीप गुर्जर ने आत्मीय मुलाकात करते हुए प्रदेश में चल रहे मुद्दों पर गहरी चर्चा की। इस मुलाकात में कुलदीप ने भाजपा सरकार के द्वारा युवाओं के साथ रोजगार और नौकरी में किये जा रहे भेदभाव के मुद्दे पर अहम बातचीत की और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी अपनी चिंताएं व्यक्त की।



कुलदीप गुर्जर ने बताया कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार के अधिकार मिलने चाहिए और उन्हें नौकरी में किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना नहीं करना पड़े उसके लिए उचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा युवा शक्ति हमारे देश का भविष्य है और उन्हें सही मार्गदर्शन और सुझाव देने के लिए प्रदेश में अब कांग्रेस पार्टी की सरकार बननी चाहिए, जिसके लिए प्रदेश के युवा अपना पूरा मन कांग्रेस सरकार बनाने का बना चुके है। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी अपनी चिंता जताई और कहा भ्रष्टाचार एक ऐसी समस्या है जो समाज के हर वर्ग को प्रभावित करती है। हमें समृद्धि और समाज के विकास के लिए इसे निर्मूल करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कुमारी सैलजा ने उनकी चिंताओं को सुना और उन्हें यह आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी समर्थन के साथ प्रदेश के युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए कांग्रेस पार्टी के सभी नेता वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से युवा शक्ति को महत्वपूर्ण माना है और हम समाज में न्याय और समानता के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा युवा पीढ़ी को सही दिशा में ले जाने के लिए हमें साथ मिलकर काम करना होगा और हम इस मिशन में पूरी तरह से साथ हैं।

# पार्षदों की हंगामेदार बैठक में 15 करोड़ 82 लाख 70 हजार रुपए का बजट पास

तेजयुग न्यूज

**तरावड़ी,।** नगरपालिका में बजट को लेकर आयोजित हुई बैठक हंगामेदार रही। शहर में सही प्रक्रिया से टैंडर न पास होने के चलते पार्षदों में नाराजगी दिखाई दी। काफी देर तक पार्षद बजट बैठक में नही पहुंचे। नपा चेयरमैन विरेंद्र बंसल एवं नपा सचिव अजीत कुमार द्वारा अनुरोध किए जाने के बाद पार्षद बजट को लेकर बुलाई गई बैठक में पहुंचे। बजट बैठक में काफी देर तक हो हल्ला करने के बाद पार्षदों ने आखिरकार 17 लाख 80 हजार रुपये मुनाफे का बजट पारित कर दिया। नगरपालिका तरावड़ी की ओर से वित्तवर्ष 2024- 25 में कुल 15 करोड़ 82 लाख 70 हजार रुपये की आमदनी का अनुमान बताया और नगरपालिका में पूरे वित्तवर्ष 15 करोड़ 64 लाख 90 हजार खर्च का अनुमान भी रखा गया। बैठक निर्धारित समय दोपहर बाद 3 बजें से करीब एक घंटा लेट शुरू हुई, क्योंकि विकास कार्य न होने से खफा पार्षदों ने बैठक में आने से मना कर दिया था। बैठक में पहुंचकर पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, प्रेम चंद व नरेश गाबा ने काफी हंगामा किया और कहा कि बैठक में होने वाले कार्यों पर जब नगरपालिका द्वारा कोई कार्यवाही नही की जानी तो बैठक का औचित्य क्या है। इन पार्षदों ने कहा कि पिछले दो सालों में हुई बैठकों में पारित हुए विकास कार्यों के टेंडर या तो लगे ही नही और लगे है तो उन में से कोई भी काम आज तक पूरा नही हुआ। सभी पार्षदों का आरोप था कि उन्हें वार्ड के लोगों को जवाब देना मुश्किल हो गया है। पार्षदों ने काफी बहस के बाद बजट पारित करने से इंकार कर दिया। इसके बाद नगरपालिका प्रधान विरेंद्र बंसल व सचिव अजीत कुमार ने पार्षदों को भरोसा दिलाया कि अगले एक माह के भीतर पार्षदों की सभी शिकायतें दूर कर देंगे। इसके बाद लेखाकार ने सबके सामने बजट रखा जिसमें खर्च का ब्योरा देते हुए बताया कि वित्तवर्ष 2024-25 में नगरपालिका कर्मचारियों के वेतन पर 6 करोड़ 49 लाख रुपये, विकास कार्यों पर करीब 6 करोड़



रुपये व बाकि पैसा मिसलेनियस के लिए रखा गया है। इसके बाद पार्षदों ने बजट को पारित कर दिया। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष अमित बंसल, पार्षद सुरेंद्र खुराना, मुकेश कुमार, गौरव कुमार, पार्षद प्रतिनिधि दिलप्रीत चहल, लखविंद्र सिंह सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे। नगरपालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि आज बजट पारित हो गया और पार्षदों ने जो भी समस्याएं बैठक में रखी है उन सभी समस्याओं को अगले एक माह के भीतर पूरी तरह से दूर कर दिया जाएगा।

# उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा व गणमान्य लोग नफे सिंह राठी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे

तेजयुग न्यूज

**बहादुरगढ़।** इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय नफे सिंह राठी के निवास पर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित अनेक नेता पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने नफे सिंह राठी की हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश पुलिस को देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नफे सिंह की हत्या से पूरा प्रदेश आहत है, और जिसने भी नफे सिंह की हत्या की है और जो इस हत्याकांड में शामिल है उन आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का कहना है कि नफे सिंह राठी हत्याकांड का मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया है। राज्य की एसटीएफ और सभी जिलों की पुलिस इस मामले को ट्रेस करने में जुटी हुई है। दुष्यंत चौटाला का कहना है कि अगर इस मामले को सुलझाने के लिए पुलिस टीमों की संख्या भी बढ़ानी पड़ी तो उसे भी बढ़ाया जाएगा। सांसद दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि प्रदेश में जंगलराज चल रहा है। पूरे इलाके में नफे सिंह सिंह राठी की हत्या के बाद से भय का



माहौल बना हुआ है। सरकार बदमाशों को रोकने के नाकाम रही है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने सरकार से सवाल भी किया है कि जब नफे सिंह राठी ने जान का खतरा बता कर सुरक्षा मांगी थी तो सरकार ने उन्हें सुरक्षा क्यों नहीं प्रदान की । दीपेन्द्र हुड्डा का कहना है कि पिछले 10 साल के बीजेपी शासन में हरियाणा प्रदेश बेरोजगारी के साथ साथ अपराध में भी नम्बर वन बन गया है। दीपेंद्र हुड्डा ने सरकार से नफे सिंह राठी हत्याकांड के सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग भी की है। उनका कहना है नफे सिंह राठी के परिवार के साथ हमारी संवेदनाएं है। इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी के परिवार को अब भी धमकी भरे फोन आ रहे हैं। फोन पर पूरे परिवार को जान से मारने को धमकी दी जा रही है। धमकी भरा एक फोन कॉल राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के सामने भी आया। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा स्वर्गीय नफे सिंह राठी के घर अपनी संवेदनाएं प्रकट करने पहुंचे थे। उसी दौरान नफे सिंह राठी के बेटे जितेंद्र राठी के फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। सुबह से नफे सिंह राठी के पुत्रों जितेंद्र राठी और भूपेंद्र राठी के फोन पर करीब 15-18 बार धमकी भरे फोन आ चुके हैं। जिससे परिवार सहमा हुआ है। पीड़ित परिवार ने झज्जर जिले के एसपी अर्पित जैन को भी मामले की शिकायत की है। उन्होंने भगवान से नफे सिंह राठी की आत्मा को शांति देने की भी प्रार्थना भी की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व मंत्री रामवीर पटौदी, पूर्व मंत्री बिजेंद्र सिंह कादियान, पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत, डॉ के सी बांगड़, विधायक राजेंद्र सिंह जून, अशोक शेरवाल, हाजी सोहराब खान, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा सहित अनेक लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सेंट एंथोनी विद्यालय बहादुरगढ़ की छात्राओं ने कसार गांव में नुक्कड़ नाटक किया



तेजयुग न्यूज

**बहादुरगढ़।** वीरवार को सेंट एंथोनी विद्यालय बहादुरगढ़ की छात्राओं द्वारा गांव कसार में एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। जिसका शीर्षक समाज में नारी जाति पर हो रहे अत्याचार तथा उसका निवारण हेतु रहा। ग्रामीणों ने बड़ी उत्सुकता के साथ नाटक के विषयों को हृदयंगम किया। यह प्रदर्शन गांव के चयनित स्थान पर किया गया । दर्शकों ने तालियों के साथ छात्राओं का उत्साह वर्धन किया तथा भविष्य में इसी तरह के कार्यक्रम करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा भी की।

# शिक्षक का प्रत्येक शब्द अभिप्रेरणा स्त्रोतः श्वेता सुहाग

तेजयुग न्यूज

**बहादुरगढ़।** वैश्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ मे 29 फरवरी को 10वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम श्वेता सुहाग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता , बी.एड. कॉलेज के प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल, शिवनारायण गुप्ता, सुरेश गर्ग, एमसी जोशी, पवन जैन, पवन गोयल मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तथा राष्ट्रीय गान गाकर की गई। अतिथियों के खेल ग्राम प्रांगण में पहुंचने पर सभी ने जोरदार करतल ध्वनियों से उनका स्वागत किया तथा मुख्य अतिथि को बैज लगाकर, माला, पटका ,पुष्पगुच्छ , स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा अन्य अतिथियों को भी माला, पटका व बैज लगाकर सम्मानित किया। इसके बाद तीनों सदनो द्वारा मार्च पास्ट करके मुख्य अतिथि व अतिथियों को सलामी दी गई। इसके बाद मशाल जलाई गई। तिरंगे में बंधे गुब्बारे छोड़कर तथा कबूतर उड़ाकर मुख्य अतिथि द्वारा खेलों को शुरू करने की इजाजत दी गई तथा खिलाड़ियों को खेलों के नियमों का पालन करने व खेलों को सच्ची भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई । प्रतियोगिता में भावी अध्यापिकाओं द्वारा जुंबा डांस व हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि श्वेता सुहाग ने खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का



विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ होते है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षणिक व सांस्कृतिक क्षेत्र की भांति खेल के क्षेत्र में भी महाविद्यालय की उपलब्धिया शानदार हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली युवा पीढ़ी के कंधों पर देश की बागड़ोर है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने कहा कि खेल खेलना आपकी फिटनेस और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है। खेलने से न सिर्फ आपका शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि आपका मन और मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। प्रगतिशील और आधुनिक बनने की दौड़ में हम अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। खेल का महत्व जैसे हम भूलते जा रहे हैं। आज के बच्चे आउटडोर गेम्स के बारे में जानते तक नहीं क्योंकि उन्होंने जब से होश संभाला है तभी से वे मोबाइल, लैपटॉप और वीडियो गेम्स से ही खेल रहे हैं। खेलकूद मनुष्य के मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखते हैं। खेलों में भाग लेने से खिलाड़ियों में एकाग्रता, सहिष्णुता,धैर्य, साहस ,सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है। खेलों से आपका ब्लड सर्कुलेशन, रक्तचाप, मधुमेह ,मूड तो सही रहता है साथ ही आज की इस तनाव भरी दुनिया में खेल ही है, जो कि आपको कुछ ही मिनटों में स्ट्रेस फ्री होने में मदद कर सकते हैं। प्रतियोगिताओं को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने सभी 15 इवेंट्स में बढ़ चढ़कर अपना नाम लिखवाया। प्रतियोगिता में 100 मी., 200 मी., 400 मी., डिस्कस थ्रो, शॉट पुट ,जैवलिन थ्रो ,लॉन्ग जंप, रस्सी कूद ,रस्सी दौड़ ,उल्टी दौड़ ,मटकी दौड़, बोरी दौड़, तीन पैर की दौड़, नींबू व चम्मच दौड़ व 4म100 रिले दौड़ रखी गई। प्रथम दिन अधिक प्रतिभागी होने की वजह से हिट्स करवाई गई। जिनमें अंत में 200 मीटर दौड़ में अस्तुति प्रथम, शिवानी द्वितीय व मानसु तृतीय स्थान पर, 400 मीटर दौड़ में कोमल कलसन प्रथम, शिवानी द्वितीय, ज्योति व तन्नु तृतीय स्थान पर ,शॉट पुट में आकांक्षा प्रथम, निधि द्वितीय व अस्तुति तृतीय स्थान पर, चक्का फेंक में अस्तुति प्रथम, निधि द्वितीय व मानसु तृतीय स्थान पर, भाला फेंक में प्रिया सोनी प्रथम, पायल शर्मा द्वितीय व आकांक्षा तृतीय स्थान पर, लंबी कूद में मानसु प्रथम, बरखा द्वितीय व आकांक्षा तृतीय स्थान पर, रस्सी कूद में ममता प्रथम, आकांक्षा द्वितीय व हर्षिता तृतीय स्थान पर रही । सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथि के कर कमलों द्वारा मेडल में सर्टिफिकेट दिए गए। शेष बचे इवेंट्स का आयोजन कल दिनांक 1 मार्च को किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया तथा आईआरसी टीम ने फर्स्ट एड पोस्ट लगाकर व एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई ।